**प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान**

इंदिरा ब्रिज के पास, भाट गांव, गांधीनगर-382428, गुजरात, भारत

**विज्ञापन सं.   03/PhD/2019**

**प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान पीएचडी डिग्री हेतु जूनियर रिसर्च फैलोशिप-2019 के लिए आवेदन आमंत्रित करता है**

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (IPR), परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत एक प्रमुख वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान है, जो भाट गाँव, गांधीनगर, गुजरात में स्थित है। GIDC, गांधीनगर, गुजरात में औद्योगिक प्लाज़्मा प्रौद्योगिकी सुविधा केन्द्र (FCIPT) और गुवाहाटी, असम में प्लाज़्मा भौतिकी केंद्र (CPP) में इसकी प्रयोगशालाओं का विस्तार हैं। आईपीआर, मौलिक प्लाज्मा भौतिकी, थर्मोन्यूक्लियर फ्यूज़न के साथ-साथ औद्योगिक, चिकित्सा, कृषि, कपड़ा, अंतरिक्ष और पदार्थ विज्ञान अनुप्रयोगों के लिए प्लाज़्मा प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास गतिविधियों के एक विस्तृत कार्यक्षेत्र के लिए समर्पित है। इटर परियोजना के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से फ्रांस में दुनिया का पहला थर्मोन्यूक्लियर फ्यूजन रिएक्टर बनाया जा रहा है। इटर परियोजना में भारत की ओर से योगदान के लिए आईपीआर, एक नोडल एजेंसी है। आईपीआर, गुरुत्वाकर्षण तरंग खगोल विज्ञान के लिए एक बहु-संस्थागत भारतीय राष्ट्रीय परियोजना LIGO (लेजर इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल वेव ऑब्जर्वेटरी) भारत के लिए भी प्रमुख योगदान दे रहा है।

प्रायोगिक, कम्प्यूटेशनल और सैद्धांतिक प्लाज़्मा भौतिकी के व्यापक क्षेत्रों में डॉक्टरेट अनुसंधान के लिए अत्यधिक प्रेरित छात्रों को, जो भारतीय नागरिक हैं, से आवेदन आमंत्रित करते हैं।

**<u>शैक्षिक योग्यता:</u>** निम्नलिखित विषयों में से एक में M.Sc.: भौतिकी, इंजीनियरिंग भौतिकी या अनुप्रयुक्त भौतिकी में कुल न्यूनतम 60%। छात्रों को स्नातक स्तर पर भौतिकी और गणित विषय होना चाहिए। वे उम्मीदवार जो 31 अगस्त 2019 तक उपरोक्त विषयों में से किसी एक में मास्टर डिग्री पूरी करते हैं, आवेदन कर सकते हैं।

**<u>पात्रता मानदंड:</u>** उम्मीदवारों को राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में कम से कम एक में उत्तीर्ण होना चाहिए: (i) JEST - 2019 (भौतिकी में) (ii) भौतिकी में GATE (पेपर कोड PH) 2017/2018/2019 के लिए मान्य और (iii) जून 2018 या दिसंबर 2018 में भौतिक विज्ञान(विषय कोड PHY) में CSIR - UGC-JRF-NET ।

**<u>आयु सीमा:</u>** 1 अगस्त 2019 को 26 वर्ष से अधिक नहीं (01/08/1993 को या उसके बाद जन्म)। समय-समय पर भारत सरकार के आदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / पीडब्ल्यूडी आदि के लिए आयु में छूट स्वीकार्य है।

**<u>चयन प्रक्रिया:</u>** उपरोक्त मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। सूचीबद्ध उम्मीदवारों को आईपीआर में व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

साक्षात्कार 27 मई - 31 मई 2019 के दौरान आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार के लिए चुने गए उम्मीदवारों को टिकट प्रस्तुत करने पर सबसे कम दूरी से आने और जाने का स्लीपर क्लास रेलवे किराये का भुगतान किया

जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार केवल ऑनलाइन फॉर्म भरकर आवेदन कर सकते हैं (कृपया विवरण के लिए http://www.ipr.res.in/documents/jobs_career.html देखें)।

**<u>छात्रवृत्ति और सुविधाएं:</u>** चयनित छात्रों को होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (**HBNI**), परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि), भारत सरकार के एक सम विश्वविद्यालय के तहत नामांकित किया जाएगा। पहले दो वर्षों के दौरान एक समेकित छात्रवृत्ति प्रति माह 31,000/- रुपये का **JRF** के रूप में भुगतान किया जाएगा। शैक्षणिक समीक्षा संतोषजनक होने पर छात्रवृत्ति को 35,000/- प्रति माह **SRF** के रूप में बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा पुस्तक अनुदान के रूप में प्रति वर्ष 32,000/- रुपये का भुगतान किया जाएगा। छात्रों को उनके पीएचडी कार्यकाल के दौरान आईपीआर के नियमों के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने के लिए आंशिक सहायता दी जा सकती है। आईपीआर द्वारा छात्रावास में आवास प्रदान नहीं किए जाने पर आईपीआर नियमों के अनुसार छात्र, मकान किराया भत्ता(एचआरए) पाने के लिए भी पात्र होंगे। छात्रों को आईपीआर के नियमों के अनुसार चिकित्सा सुविधा मिलेगी।

**आवेदन कैसे करें**

आवेदन केवल 7 अप्रैल से 20 अप्रैल 2019 तक ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं

हमारे वेब पेज **<u>http://www.ipr.res.in/documents/jobs_career.html</u>** पर ऑनलाइन आवेदन भरते समय प्राप्त आवेदन आईडी के साथ हार्ड कॉपी में दाहिनी ओर शीर्ष कोने पर एक हालिया पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाये और आयु, योग्यता, जाति आदि के समर्थन में प्रमाणपत्र की प्रतियों के साथ आवेदन उपरोक्त पते पर भेजें। आपका आवेदन प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में <u>27/04/2019</u> तक या उससे पहले पहुँच जाना चाहिए। हार्ड कॉपी को अनिवार्य रूप से रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा जाना चाहिए। **<u>लिफाफे पर विज्ञापन नंबर और आवेदित पद लिखा होना चाहिए।</u>**

आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे हार्डकॉपी को रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट सेवाओं द्वारा भेजें और इसकी रसीद को भविष्य के संदर्भ के लिए सुरक्षित रखें।

**अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें <u>www.ipr.res.in</u>**

**ध्यान दें:**

• केवल वे उम्मीदवार, जिन्होंने 1 अगस्त 2017 के बाद योग्यता डिग्री प्राप्त कर ली हैं या 1 अगस्त 2019 तक अपने अंतिम परिणाम प्राप्त करने जा रहे हैं, वे ही आवेदन भर सकते हैं।

• केंद्र/राज्य सरकार की इकाइयों/सार्वजनिक उपक्रम/सहायता प्राप्त संस्थानों में काम करने वाले आवेदक अपने संबंधित सक्षम अधिकारियों की यथोचित अनुमति के साथ आवेदन कर सकते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को यदि स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें टेस्ट के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

डिस्क्लेमर -

न्यूनतम योग्यता पूरा करने और ऑनलाइन आवेदन भरने से साक्षात्कार के लिए बुलावा आना आवश्यक नहीं है। विज्ञापन के जवाब में प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी और आयु, शैक्षिक योग्यता, प्रतिशत, आदि जैसे सभी मानदंडों के आधार पर मान्य आवेदकों में से शॉर्टलिस्ट किए गए योग्य उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। कोई भी कारण बताए बिना साक्षात्कार के लिए किसी भी आवेदक को नहीं बुलाने के सभी अधिकार अधिकारियों के पास सुरक्षित है। ऑनलाइन आवेदन करने में कोई भी समस्या होने पर कृपया संपर्क करें- **iprphd@ipr.res.in**

संस्थान ऐसे कार्यबल का प्रयास करता है जो लिंग संतुलन को दर्शाता है और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

महत्वपूर्ण तिथियाँ:

----------------------------------------

ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभ तिथि: 07.04.2019 (समय: सुबह 10:00 बजे)

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 20.04.2019 (समय: शाम 5:00 बजे)

डाक/कूरियर द्वारा आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 27.04.2019 (समय: शाम 5.00 बजे)